# फ़ंड रेटिंग पर आम सवाल (FAQs)

धनक

## वैल्यू रिसर्च की फ़ंड रेटिंग इन्वेस्टर्स को क्या ऑफ़र करती है?

वैल्यू रिसर्च की फ़ंड रेटिंग इन्वेस्टर को ऐसे फ़ंड्स की पहचान का तेज़ और आसान तरीक़ा देती है जिन्होंने अपने जैसे दूसरे फ़ंड्स (peers) के मुक़ाबले शानदार रिस्क-एडजस्टेड परफ़ॉर्मेंस दिया हो. वैल्यू रिसर्च की फ़ंड रेटिंग पूरी तरह से ऑब्जेक्टिव और बिना पक्षपात के होती है.

## इन्वेस्टर्स को फंड रेटिंग का इस्तेमाल कैसे करना चाहिए?

फ़ंड रेटिंग्स बताती हैं कि किस फ़ंड ने किस प्रासंगिक या रेलेवेंट कैटेगरी में रिस्क-एडजस्टमेंट के आधार पर कैसा परफ़ॉर्म किया है. ये काफ़ी काम की जानकारी है, मगर इन्वेस्टमेंट का स्मार्ट फ़ैसला लेने के लिए ये काफ़ी नहीं है. फ़ंड रेटिंग किसी फ़ंड के आकलन या इवैलुएट करने के लिए एक अच्छी शुरुआत है.

## पोर्टफ़ोलियो बनाने के लिए फंड रेटिंग कैसे इस्तेमाल करें?

ज़रूरी नहीं कि एक बढ़िया और इन्वेस्टर की ज़रूरत के मुताबिक़ बने पोर्टफ़ोलियो में सिर्फ़ 4- या 5-स्टार वाले फ़ंड्स ही हों. एक इन्वेस्टर को अपनी रिस्क लेने की क्षमता जैसे फ़ैक्टर भी ध्यान में रखनी चाहिए. ये भी समझना चाहिए कि अलग-अलग फ़ंड्स का पोर्टफ़ोलियो पर क्या असर होगा, और कई तरह के फ़ंड्स के साथ सही डाइवर्सिफ़िकेशन का भी ध्यना रखना चाहिए. हो सकता है कि कोई एक फ़ंड जिसकी रेटिंग फ़िलहाल 2-स्टार की हो, वो किसी निवेशक के पोर्टफ़ोलियो के एक ख़ास हिस्से के लिए सबसे सही चुनाव हो. पोर्टफ़ोलियो पर इस तरह के फ़ैसले लेने के लिए एक इन्वेस्टर को अपने इन्वेस्टमेंट एडवाइज़र से संपर्क करना चाहिए.

## क्या वैल्यू रिसर्च की फ़ंड रेटिंग केवल रिटर्न पर आधारित है?

नहीं. स्टार रेटिंग के लिए रिस्क और रिटर्न दोनों को बैलेंस किया जाता है.

## रेटिंग कितनी जल्दी-जल्दी कैलकुलेट की जाती है?

महीने में एक बार.

## क्या वैल्यू रिसर्च फ़ंड कंपनियों से उनका फ़ंड रेट करने के लिए पैसा लेता है?

नहीं. वैल्यू रिसर्च, फ़ंड्स कंपनियों के फ़ंड रेट करने के लिए या रेटिंग के इस्तेमाल के लिए उनसे कोई पैसे नहीं नहीं लेता.

## क्या वैल्यू रिसर्च कैलकुलेट करने का अपना तरीक़ा पब्लिक करता है?

हां. इसके कैलकुलेशन का तरीक़ा (methodology) हमारी वेबसाइट पर यहां मिल जाएगा.
https://dhanak.valueresearchonline.com/fund-rating-methodology/

## फ़ंड्स को अलग-अलग या ग्रुप के तौर पर रेट किया जाता है?

फ़ंड्स के प्रदर्शन को उन्हीं की कैटेगरी के दूसरे फ़ंड्स के साथ रेट किया जाता है.

## रेटिंग के लिए अगर एक कैटेगरी बनानी हो तो उसके लिए कम-से-कम कितने फ़ंड चाहिए?

दस फ़ंड, इक्विटी और हाइब्रिड फ़ंड्स के लिए हर फ़ंड की कम-से-कम तीन साल की हिस्ट्री होनी चाहिए. बॉन्ड फ़ंड्स के लिए 18 महीने की.

## फ़ंड की कौन सी कैटेगरी हैं जिनके लिए वैल्यू रिसर्च रेटिंग नहीं करता?

थीमैटिक, इंटरनेशनल, क्लोस्ड-एंड और कुछ दूसरे फ़ंड्स जो हमारी किसी एक कैटेगरी में फ़िट नहीं होते. इन फ़ंड्स की सीधे-सीधे तुलना नहीं की जा सकती. इसके अलावा, उन फ़ंड्स को रेट नहीं किया जाता जो नियमित तौर पर अपना NAV जारी नहीं करते.

## क्या फंड की रेटिंग करते समय वैल्यू रिसर्च मैनेजमेंट फ़ीस पर विचार करता है?

हां, स्टार रेटिंग फ़ंड्स के रिटर्न और मैनेजमेंट फ़ीस पर कैलकुलेट की जाती है. इसके अलावा फ़ीस को लेकर कोई दूसरा स्पेशल विचार नहीं किया जाता.

## लोड्स (loads) को लेकर क्या किया जाता है?

वैल्यू रिसर्च स्टार रेटिंग में लोड्स (loads) का असर शामिल नहीं किया जाता. इसका कारण है कि लोड्स बदलते रहते हैं, तो उनकी वैल्यू क्या होनी चाहिए, इसे लेकर कोई 'सही' जवाब नही है. फ़ंड का चुनाव करते समय निवेशकों को लोड के बारे में विचार करना चाहिए.

## किसी फंड को रेट करने के लिए उसे कितना पुराना होना चाहिए?

इक्विटी और हाइब्रिड फ़ंड जो 3 साल से कम पुराने हैं उन्हें रेट नहीं किया जाता. इसी तरह बॉन्ड फ़ंड्स जो 18 महीने से कम के हैं, उन्हें भी रेट नहीं किया जाता.

## फ़ंड रेटिंग करते हुए कितनी समय-अवधि (time period) ध्यान में रखी जाती है?

इक्विटी फ़ंड में, फ़ंड की ओवरऑल रेटिंग दो टाइम पीरियड की वेटेड एवरेज पर की जाती है – तीन और पांच साल, जहां मौजूद हो. इक्विटी फ़ंड जो तीन साल से कम के हैं उन्हें रेट नहीं किया जाता. डेट फ़ंड के मामले में, फ़ंड की कुल रेटिंग दो टाइम पीरियड की वेटेड एवरेज पर की जाती है – 18 महीने और 3 साल, जहां मौजूद हो. बॉन्ड फ़ंड्स जो 18 महीने से कम के होते हैं उन्हें रेट नहीं किया जाता.

## मैंने अभी वैल्यू रिसर्च की फ़ंड रेटिंग देखी और जो फंड मेरे पास हैं उन्हें केवल दो स्टार मिले हैं. क्या मैं वो फंड बेच दूं?

ज़रूरी नहीं है. स्टार रेटिंग म्यूचुअल फ़ंड के लिए एक अच्छा शुरुआती स्क्रीन है, मगर ये फ़ंड का सिर्फ़ परिचय है, उसका निष्कर्ष नहीं. ये रेटिंग पिछले प्रदर्शन का आकलन है, आगे क्या होगा इसकी भविष्यवाणी नहीं है.

## एक फ़ंड ने अपना एक स्टार क्यों गंवा दिया है? या स्टार रेटिंग क्यों बदल गई है?

ये पूरी तरह से गणित पर आधारित है. किसी फ़ंड की स्टार रेटिंग केवल एक फ़ॉर्मूले के आधार पर की जाती है जिसे वैल्यू रिसर्च हर महीने री-कैलकुलेट करता है – इसमें कोई सब्जेक्टिविटी नहीं होती. एक स्टार के कम हो जाने का ये मतलब नहीं कि वैल्यू रिसर्च में किसी ने फ़ंड को डाउनग्रेड किया है. इसका सीधा मतलब ये है कि उस फ़ंड का मौजूदा प्रदर्शन उसकी पिछली रेटिंग के कट-ऑफ़ प्वाइंट से नीचे रहा है.

## मैं क्या करूं अगर मेरे चुने हुए फ़ंड का एक स्टार कम हो जाए?

ज़रूरी नहीं है कि किसी फ़ंड की स्टार रेटिंग कम होने पर आपको उसे बेच कर अपने पोर्टफ़ोलियो से बाहर निकालना ही चाहिए. हां, ये इस बात की ओर इशारा करता है आने वाले वक़्त में उस फ़ंड पर क़रीब से नज़र रखने की ज़रूरत है.

## क्या एक ही फ़ंड के डायरेक्ट और रेग्युलर प्लान की रेटिंग अलग-अलग हो सकती है?

डायरेक्ट और रेग्युलर प्लान को उनके ही यूनिवर्स में रेट किया जाता है, यानी, उनके जैसे फ़ंड्स के सेट के साथ. मिसाल के तौर पर, एक लार्ज-कैप फ़ंड के रेग्युलर प्लान को लार्ज-कैप कैटेगरी के दूसरे रेग्युलर प्लान के मुक़ाबले ही रेट किया जाएगा. ये हो सकता है कि दोनों प्लान के सापेक्ष रिटर्न (relative returns) अलग हों, और ऐसा ज़्यादातर एक्सपेंस रेशियो के कारण होता है. इसलिए, कई बार, उनकी रेटिंग अलग-अलग हो सकती है.